# न्यू सांगानेर रोड चौड़ी करने के बाद घटिया सड़क बना रहा जेडीए ठेकेदार

## डी.बी.एम. के बिना ही बिटुमिन कंक्रीट चढ़ाकर लीपापोती, अफसर मौन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। न्यू सांगानेर रोड पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सड़क की चौडाई बढ़ाने के लिए बनाई जा रही रोड पर जेडीए के ठेकेदार ने डामर तो चढ़ाई, लेकिन आधी-अधूरी। यहां डेन्स बिटुमिन कंक्रीट (डीबीएम) की तो परत चढ़ाए बिना ही सीधे बिटुमिन कंक्रीट करके लीपापोती कर दी गई। नतीजन की सड़क बनाते-बनाते ही बिखरने लगी है।



पृथ्वीराज नगर दक्षिण का यह इलाका जेडीए पीआरएन दक्षिण जोन में आता है, जो कि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में है। जेडीए ने न्यू सांगानेर रोड पर रीको इंडिस्ट्रियल एरिया से किसान धर्मकांटे तक सड़क चौडी करने का काम किया था। इसके बाद वहां जीएसबी-मोरम भी पूरी नहीं की। कई महीनों तक सड़क ऐसी ही उबड-खाबड पडी रही, अब जेडीए के पीआरएन दक्षिण जोन ने यहां सड़क पर डामर करवाई, लेकिन नौसिखियों की तरह।

स्थानीय लोगों का कहना है कि, इस सड़क पर जब चौडाई बढ़ाने के बाद पुनः रोड बनाने का काम शुरू किया तो पहले खुदाई पूरी तरह से नहीं की। इसके बाद जीएसबी डब्लूएमएम पूरी नहीं डाली। बाद में जीएसबी मोरम डाल कर सड़क तो बना दी, लेकिन अब जेडीए के इंजीनियर्स यहां केवल बिटुमिन कंक्रीट करके ही काम चला रहे हैं।

■ **आमजन को सुगम आवागमन मुहैया करवाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश पर बढ़ाई गई है सड़क की चौडाई**

इसकी मोटाई भी 20 एमएम ही करवाई जा रही है, जबकि नियमानुसार 40 एमएम होना जरुरी है। डीबीएम नहीं करने से जहां सड़क की गुणवत्ता कमजोर होगी, वहीं ठेकेदार को बड़ा फायदा होगा।

सूत्रों की मानें तो यहां डामर सड़क का काम मैसर्स हरदयाल कंस्ट्रक्शन के पास है, इसी फर्म को जेडीए ने विभिन्न जोन में 200 करोड़ रुपए का काम सौंप रखा है। जिसमें जोन 12, जोन 7 जोन 14, पीआरएन दक्षिण, अजमेर रोड पर सेज में सेक्टर रोड बनाने तथा सड़क नवीनीकरण जैसे काम है। परंतु जिम्मेदार इंजीनियर्स सड़क बनाने में गुणवत्ता का ध्यान रखने के बजाय ठेकेदार पर मेहरबानी बनाए हुए हैं।

# पुलिस ने युवक का कीमती बैग सुरक्षित लौटाया



**जयपुर**। जयपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिल्ली से आए एक युवक का ऑटो में छूटा कीमती बैग महज कुछ ही घंटों में ढूंढकर सुरक्षित लौटा दिया।

जानकारी के अनुसार, युवक सिंधी कैंप बस स्टैंड पर उतरकर कालवाड़ जाने के लिए ऑटो में बैठा था। जल्दबाजी में वह बैग ऑटो में ही भूल गया, जिसमें कीमती सामान और जरूरी दस्तावेज थे। घबराए युवक ने तुरंत 112 इमरजेंसी नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही मौके पर तैनात हेड कांस्टेबल गणेश लाल सक्रिय हो गए। गश्त पर होने के बावजूद वे तुरंत युवक के पास पहुंचे और ऑटो के हुलिए के आधार पर आसपास के ऑटो चालकों की सघन जांच शुरू कर दी। कुछ ही देर में पुलिस ने ऑटो को ढूंढ निकाला। ऑटो चालक ने ईमानदारी दिखाते हुए बैग पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक की मौजूदगी में बैग की जांच कराई, जिसमें सभी सामान सुरक्षित था।

# मजबूत पश्चिम विक्षोभ सक्रिय : दो दिन कई शहरों में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि संभव

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। पश्चिम विक्षोभ का असर रविवार को धीमा रहा। रविवार को आधा दर्जन शहरों को छोड़ दें तो बाकी शहरों में मौसम शुष्क रहा। रविवार को वनस्थली, कोटा, टोंक, करौली, श्रीगंगानगर सहित कुछ अन्य शहरों में बारिश हुई। सोमवार को एक बार फिर एक मजबूत पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग व शेखावाटी इलाके में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को जयपुर और भरतपुर संभाग में छुटपुट स्थानों पर मेघगर्जन, हल्की बारिश दर्ज की गई बाकी अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। इससे प्रदेश के शहरों के पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 35.1 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 23 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 6 अप्रेल को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में दोपहर बाद एक और नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के कुछ भागों में पुनः तेज आंधी (40-50 किमी प्रतिघंटा) बारिश, व कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना है। 7 अप्रेल को विक्षोभ का सर्वाधिक असर होने तथा जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन, तेज आंधी (50-60 किमी प्रतिघंटा) व कहीं-कहीं ओलावृष्टि, मध्यम से तेज बारिश होने की प्रबल संभावना है।

8 अप्रेल को उत्तरी व पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश होने व शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 9 अप्रेल से आगामी 3-4 दिन अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को पश्चिमी राजस्थान में एक दो जगह जबकि पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं पर मेघगर्जन एवं तेज झोकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक बारिश धोलपुर के बाड़ी में 40 मिलीमीटर दर्ज की गई।

जयपुर में रविवार को छितराए बादल छाए रहे और बादलों के बीच से धूप भी खिली। इससे पारे में उछाल दर्ज किया गया। जयपुर के दिन के पारे में 1.2 और रात के पारे में 0.2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 32.2 और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को पश्चिम विक्षोभ के असर से जयपुर में आंधी-बारिश देखने को मिल सकती है।

# ऐसा समय आएगा कि नास्तिक को भगवान याद आएंगे : उमाकांत महाराज

**जयपुर**। अजमेर रोड स्थित ठिकरिया आश्रम में रविवार को आयोजित सत्संग कार्यक्रम में बाबा उमाकांत महाराज ने वर्तमान समय की परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा समय आने वाला है जब एक मिनट में नास्तिक को भी भगवान याद आ जाएगा। सत्संग में सैकड़ों श्रद्धालु गुलाबी वस्त्र धारण कर शामिल हुए।

बाबा उमाकांत महाराज, जो बाबा जयगुरुदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं, ने कहा कि समाज में दया की भावना कम होती जा रही है, जिसका मुख्य कारण दूषित आहार और मांसाहार की बढ़ती प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि जब अन्न शुद्ध नहीं रहेगा तो मनुष्य के भीतर से दया समाप्त हो जाएगी, और दया के बिना धर्म का अस्तित्व संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म के अभाव में कर्म भी खराब हो जाते हैं और फिर व्यक्ति को दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। ऐसे में केवल पूजा-पाठ या तीर्थ करने से लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि जीवों पर दया करना ही सच्चा धर्म है। बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि आज प्रकृति भी मानव के कृत्यों से नाराज है। वायु, अग्नि और पृथ्वी जैसे पंचतत्व मानव द्वारा किए जा रहे प्रदूषण और विनाशकारी गतिविधियों से प्रभावित हो रहे हैं, जिससे भविष्य में विभिन्न प्रकार की आपदाएं आ सकती हैं। पश्चिम एशिया के हालात पर कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।

# पेयजल संकट से निपटने के लिए जयपुर जिला प्रशासन मुस्तैद हुआ

## कलक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया दौरा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। भीषण गर्मी के मद्देनजर संभावित पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने फील्ड में जाकर हैंडपंपों की स्थिति का जायजा लिया। कलक्टर संदेश नायक ने स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के लिए आमेर तहसील के कुकस एवं खोरा मीना क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न नहीं होने दिया जाए और जल स्त्रोतों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

■ **कलेक्टर ने खराब हैंडपंपों को तुरंत सुधारने के सख्त निर्देश दिये**



**कलक्टर संदेश नायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के लिए आमेर तहसील के कूकस और खोरा मीना क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।**

कलेक्टर ने चिन्हित सभी खराब हैंडपंपों को आगामी 48 घंटे के भीतर दुरुस्त करने के सख्त निर्देश देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कहा कि तकनीकी खराबियों के कारण कोई भी जल स्त्रोत बंद नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए आमेर उपखंड क्षेत्र में विशेष तकनीकी टीमों की तैनाती की गई है, जो गांव-गांव जाकर खराब हैंडपंपों की मौके पर ही मरम्मत सुनिश्चित करेंगी। इसके साथ ही उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन जल आपूर्ति एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट कलेक्ट्रेट को भेजें, जिससे कार्यों की सतत निगरानी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) तथा पीएचईडी हेल्पलाइन (1800-180-6088) के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके द्वार तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी।

# करोड़ों रुपए की चोरी मामले में 5 साल से फरार बदमाश दबोचा

**जयपुर**। जवाहर नगर थाना पुलिस ने सीएसटी टीम के साथ संयुक्त कार्रवाही करते हुए पांच साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल कि है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार अभियुक्त वर्ष -2021 में थाना इलाके से करोड़ों रुपयों के जेवर और नकदी चोरी कर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि पीड़ित अजय कुमार गुप्ता ने 20 नवंबर 2021 को मामला दर्ज कराया था कि 19 नवंबर को वह दुकान चला गया था और परिवार रिश्तेदारी में कार्यक्रम में गया हुआ था। शाम को पत्नी लौटी तो घर के ताले टूटे मिले और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। बदमाश अलमारी के ताले तोड़कर 2.70 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवर, मोती सेट, चांदी के सिक्के, चांदी के गिलास, बच्ची के टॉप्स, मांग टीका, नोज पिन, आधार-पैन कार्ड और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी कर ले गए। पुलिस ने इस मामले की छानबीन करते हुए पूर्व में शैतान सिंह बागरिया, हनुमान उर्फ शिवराम, शिवराज उर्फ होराज और तेजू उर्फ तेजा बागरिया को गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद से भी मुख्य आरोपी सोनू उर्फ सोन्या फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए उस पर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने सीएसटी टीम और तकनीकी सहायता से पांच साल से फरार चल रहे सोनू उर्फ सोन्या बागरिया (25) निवासी गांव सापुणदा, अजमेर निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

# सार-समाचार

## फ़िल्मकार गुरुदत्त के दौर का संगीत गूंजा




**जयपुर**। रविवार की शाम जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में मशहूर फ़िल्मकार गुरुदत्त की श्वेत श्याम फ़िल्मों के जादुई संगीत की रंगीन छटा बिखर उठी। मौक़ा था गुरुदत्त की 101वीं जयंती के उपलक्ष में सजाई गई संगीत महफ़िल बिछड़े सभी बारी-बारी का। देवरंजनी म्यूजिक स्कूल के संयोजन में सुपर 60 के सदस्यों की तरफ़ से गुरुदत्त की फ़िल्मों के एक से बढ़कर एक लाजवाब गीत पेश किए गए। गायक कलाकारों ने अपनी रूहानी आवाज़ में गुरु दत्त के गीतों में बसी जवाँ दिलों की शरारत और टूटे दिलों के दर्द की नाज़ुक परतों से रूबरू कराया। इस संगीतमय यात्रा में गुरु दत्त की बेमिसाल फ़िल्मांकन कला और उनकी ज़िंदगी की हक़ीक़त भी बयां की गई। कार्यक्रम का आकर्षण 5-5 अलग-अलग रंग-रूप के गानों की एक साथ बिना रुके प्रस्तुति थी । बिना रुके, एक-के-बाद-एक गाने प्रस्तुत करना गायक के लिए और साजिंदों के लिए सभी के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य था जो सभी ने सफलता पूर्वक निभाया। कार्यक्रम की परिकल्पना सरिता द्विवेदी ने की। संचालन प्रणय भारद्वाज और नीलम ग्रोवर ने किया। प्रकाश व्यवस्था ने स्याह और सफेद रंगों की फ़िल्मों के दौर को मंच पर बखूबी उतारा। मंच की साज-सज्जा से भी 1950 के दशक की फिल्मों की झलक देखने को मिल रही थी। इससे पहले पीटीआई के पूर्व ब्यूरो प्रमुख राजेंद्र बोडा, आकाशवाणी की पूर्व कार्यक्रम प्रमुख रेशमा ख़ान और वरिष्ठ कला समीक्षक सर्वेश भट्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरिता द्विवेदी, संगीता कपूर, प्रतिमा कौशिक, डॉ प्रभा लुहाड़िया , डॉ बृजबाला , डॉ अविनाश स्वरुप, एम एम जोशी, चंदा वधवा, अशोक वाधवा, मीनू सक्सेना, दीपक हिरन, अजय कल्ला, दादा तुषार घोष, राकेश डेम्ब्ला, देवेंद्र स्वरुप, सुकेश सिन्हा, मिथिलेश माथुर, अरुण माथुर, रूपा शर्मा, प्रेम भारती, इला नाग , जीतेन्द्र नाग , नीलम ग्रोवर, जया कल्ला , पुखराज गाँधी, विक्टर मोटवानी, मीरा श्रीवास्तव, अर्चना माथुर , अलोक माथुर, स्नेह उबा, मृदुला सक्सेना और सुरेश ग्रोवर ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया।

## 'कश्मीर इन द लाइन ऑफ फायर' पर चर्चा



**जयपुर**। 'कश्मीर इन द लाइन ऑफ फायर' पर एक ज्ञानवर्धक पुस्तक चर्चा में, लेखक मेजर जनरल रंजन महाजन (सेवानिवृत्त) ने भारतीय सेना की भूमिका पर प्रकाश डाला, जहां सेना ने असाधारण परिस्थितियों का सामना अदम्य साहस और शौर्य के साथ किया। उन्होंने यह बातें रविवार को अशोक क्लब में आयोजित एक पुस्तक सत्र में की, जहां उन्होंने जयपुर के लेखक और पब्लिसिस्ट जगदीप सिंह के साथ संवाद किया। लेखक ने कश्मीर में उनके 5 कार्यकालों के अंतर्गत अपनी 15 वर्षों की लंबी सेवा के दौरान के कुछ बेहद प्रभावशाली अनुभव साझा किए। उन्होंने श्रोताओं को संघर्ष, नेतृत्व और मानवीय दृढ़ता की वास्तविकताओं से रूबरू कराया। इस पुस्तक का औपचारिक विमोचन राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा; चीफ ऑफ़ स्टाफ़, साउथ वेस्टर्न कमान, लेफ्टिनेंट जनरल, पदम सिंह शेखावत और अजय सिंघा द्वारा किया गया। मेजर जनरल महाजन ने कहा कि यह मेमॉयर अपने अनुभवों को दर्ज करने और कश्मीर की एक ऐसी सच्ची तस्वीर पेश करने की इच्छा से उपजा है, जो केवल हेडलाइंस तक ही सीमित न हो। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक को लिखने की प्रक्रिया में कई वर्ष लगे, जिसमें पुरानी यादों को संजोना, अनुभवों को व्यवस्थित रूप देना और पूरी सच्चाई व संवेदनशीलता सुनिश्चित करने के लिए गहन चिंतन शामिल था।

## डॉक्टर्स के बीच हुए रोमांचक मुकाबले



**जयपुर** (कासं)। जय क्लब में एसआरके हॉस्पिटल डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग सीज़न 6 तथा नवनीत इमेजिंग डॉक्टर्स पिकल बाल लीग सीजन 1 में कड़ी टक्कर के बाद सेमीफाइनल की टीमें तय हुई हैं। रविवार का दिन रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। लीग पेट्रन डॉ. संदीप निझावन, लीग ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन व ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि डीपीपीएल के क्वार्टर फाइनल में राव हॉस्पिटल रेडर्स ने अग्रवाल किड्स हॉस्पिटल एवेंजर्स को 4-1 से हराया। राणा जॉइंट्स एंड लिगामेंट रॉकर्स ने टूथ सेवियर्स को 3-2 से मात दी। सोमानी स्पिन मास्टर्स ने पर्पल हेरॉन पैंथर्स को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की, वहीं ब्रिक्स ब्लास्टर्स ने तरणी थंडर्स को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## डॉ. राधामोहन दास प्रदेश प्रवास पर

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद,राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल आठ अप्रैल जयपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार डॉ. अग्रवाल पांच अप्रैल को जयपुर पहुंचे। इसके बाद 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे सीकर में जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही वह पूर्व विधायक केडी बाबर के निवास पर शिष्टाचार भेंट करेंगे एवं निजी होटल में आयोजित बौद्धिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सायंकाल 7 बजे डॉ. अग्रवाल सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर जयपुर लौटेंगे। 7 अप्रैल को प्रातः 11 बजे डॉ अग्रवाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों एवं मोर्चा अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त राज्य एवं जिला कोषाध्यक्षों के साथ भी महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

# सांगानेर में हाऊसिंग बोर्ड ऑफिस में आग

## शॉर्ट सर्किट से बेसमेंट में रखा सामान जलकर खाक हुआ, आग बुझाने के लिए एयर वेंटिलेशन के शीशे तोड़ने पड़े

**जयपुर**। सांगानेर स्थित हाउसिंग बोर्ड ऑफिस में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग से ऑफिस के बेसमेंट में रखा सामान जलकर खाक हो गया।



सीतापुरा फायर स्टेशन से पहुंची 5 दमकलों की मदद से करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने के लिए एयर वेंटिलेशन के शीशे तोड़ने पड़े। सीतापुरा फायर स्टेशनकर्मी रामस्वरूप ने बताया कि सांगानेर हाउसिंग बोर्ड सर्किल के ऑफिस में आग लगी थी। दोपहर करीब 2:30 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते ऑफिस के बेसमेंट में आग लग गई। ऑफिस बंद होने के कारण पहले धुंआ निकलते दिखाई दिया। कुछ देर बाद बेसमेंट से आग की भीषण लपटे उठने लगी। आग की भीषण लपटों को उठता देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने की सूचना पर सीतापुरा फायर स्टेशन से टीम मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए बेसमेंट में लगे एयर वेंटिलेशन के सभी शीशे तोड़े। फायर बिग्रेड की 5 गाड़ियों ने 2-3 फेरे लगाकर करीब 2 घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन से पहुंची टीम का कहना है कि आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। बेसमेंट में ऑफिस का कुछ सामान व कबाड़ रखा हुआ था। आग से पूरी तरह जलकर वह कबाड़ में बदल गया।

# शातिर वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर**। विद्याधर नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर सुनील वी.के. (24) निवासी विद्याधर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर वाहन चोर है और मौज-मस्ती व अन्य शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। उसके खिलाफ पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई भगवान परशुराम की मूर्ति

## विधिवत पूजा-अर्चना के साथ परशुराम जयंती महोत्सव का आगाज हुआ

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी स्थित नहर के गणेश जी मंदिर से रविवार को भगवान परशुराम की मूर्ति ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना की गई। सर्व ब्राह्मण महासभा (ऑस्ट्रेलिया चैप्टर) की पहल पर यह मूर्ति वहां स्थापित की जाएगी। इस दौरान संत-महंतों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति को विदाई दी गई।



**ब्रह्मपुरी स्थित नहर के गणेशजी मंदिर से रविवार को भगवान परशुराम की मूर्ति ऑस्ट्रेलिया रवाना की गई।**

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम के साथ ही परशुराम जयंती महोत्सव 2026 की औपचारिक शुरुआत भी की गई। आयोजन में 11 विद्वान ब्राह्मणों ने विधिवत पूजा संपन्न करवाई। संकष्टी चतुर्थी के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष महाआरती का आयोजन भी किया गया। उन्होंने बताया कि करीब सवा दो फीट ऊंची इस मूर्ति को तैयार करने में लगभग एक माह का समय लगा। यह मूर्ति ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत के क्रेगिबर्न स्थित काली माता मंदिर में स्थापित की जाएगी। महासभा द्वारा इस वर्ष विदेशों में करीब 10 स्थानों पर परशुराम जयंती महोत्सव आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। संगठन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है और इसी दिशा में हर वर्ष विदेशों में भगवान परशुराम की मूर्तियां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव के तहत पूरे राजस्थान में एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें परशुराम गोष्ठी, संवाद,भगवा रैली और विद्वान सम्मान समारोह शामिल हैं। इस अवसर पर स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज, घाट बालाजी के सुदर्शनाचार्य महाराज, मंदिर के महंत पंडित जय कुमार, गीता गायत्री मंदिर के पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, काली माता मंदिर के महंत प्रेम नारायण तथा स्वाध्याय केंद्र के पंडित योगेश सहित कई संत-महात्मा मौजूद रहे।

# उप निरीक्षक तथा प्लाटून कमांडर परीक्षा में पहले दिन में 55 फीसदी अभ्यर्थियों ने आजमाया भाग्य

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा-2025 के प्रथम दिन जयपुर जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हुई। शहर के 199 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में आयोजित इस परीक्षा में 55 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लेकर अपना भाग्य आजमाया।

इस भर्ती परीक्षा के लिए कुल 74 हजार 855 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) नरेन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पारी में 41 हजार 915 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 32 हजार 940 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय प्रश्न पत्र में 41 हजार 543 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 33 हजार 312 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पारियों में औसतन 55 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के दूसरे दिन जयपुर के 199 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 74 हजार 861 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

कलक्टर संदेश नायक ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, नियंत्रण कक्ष, सुरक्षा प्रबंध एवं अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, वहीं केन्द्रों के आसपास धारा 144 के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित की गई। अभ्यर्थियों की गहन जांच के लिए प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर, हैंड स्कैनर एवं मैन्युअल चेकिंग की व्यवस्था की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री परीक्षा केन्द्र में प्रवेश न कर सके। कलेक्टर ने अभ्यर्थियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं जानीं और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को दिए।